# सड़क सुधार की मांग को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**जावरा ।** सागर मोती परिसर समिति, रामबाग के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी के मुख्य एप्रोच मार्ग पर शीघ्र मुरम एवं गिट्टी डलवाने की मांग की। समिति ने ज्ञापन में बताया कि वर्षा ऋतु के कारण कॉलोनी का मुख्य मार्ग पूरी तरह कीचड़ एवं जलभराव से प्रभावित हो गया है, जिससे लगभग 100 से अधिक परिवारों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही जलभराव के कारण मच्छरों एवं गंदगी की समस्या भी बढ़ रही है। समिति ने आगामी सावन के सोमवार, जैन चातुर्मास, जन्माष्टमी, गणेश उत्सव सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को देखते हुए जनहित में तत्काल मार्ग पर मुरम एवं गिट्टी डलवाकर उसे समतल एवं सुरक्षित बनाने की मांग की। सीएमओ ने समिति के प्रतिनिधियों को समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में निलेश मेहता, कमल बीलवड़िया, भावेश तातेड़, आशीष भटेवरा, निरंजन राठौर, पार्षद दशरथ कसानिया, श्रेणिक मांडोत, रामूजी भैया, संजय भटेवरा, लक्की सोनी, सरदार मलजी चोरड़िया, ज्ञानचंद्र ओस्तवाल एवं नीलेश अरोड़ा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## जाति प्रमाण-पत्र में स्टाम्प की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

**जावरा।** नगर पालिका परिषद के वार्ड 26 के पार्षद तेजसिंह उर्फ कालु कदम ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को एक मांग पत्र सौंपा है। इसमें उन्होंने जाति प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया से स्टाम्प की अनिवार्यता को तुरंत समाप्त करने का आग्रह किया है। पार्षद ने बताया कि वर्तमान में प्रमाण-पत्र के लिए 200 का नोटरीयुक्त स्टाम्प मांगा जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में एक आम नागरिक को लगभग 500 का खर्च उठाना पड़ता है। क्षेत्र के कई गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार यह खर्च वहन करने में पूरी तरह असमर्थ हैं, जिससे वे जरूरी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जनहित में बिना स्टाम्प के ही जाति प्रमाण-पत्र जारी करने की अपील की है, ताकि जरूरतमंदों को इस वित्तीय बोझ से राहत मिल सके।

## उमराह से लौटे पठान दंपती का सिनियर सिटीजन ने किया स्वागत



**जावरा ।** उमराह की पवित्र यात्रा से लौटने पर शासकीय भगतसिंह कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एजी पठान एवं उनकी धर्मपत्नी स्वालेहा पठान का सिनियर सिटीजन मंच के सदस्यों द्वारा आत्मीय एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने प्रो. पठान दंपती का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मान किया तथा उमराह की मुबारकबाद देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से जगदीश उपमन्यु, राशिद मोहम्मद रहमानी, देवाराम मतानिया, पुखराज सोनगरा, भारतसिंह पंवार, शाद मोहम्मद खान, अशोक तिवारी, नासिर हुसैन सहित सिनियर सिटीजन मंच के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## लसूडिया जंगली में अवैध शराब की बिक्री से ग्रामीण परेशान, महिलाओं ने खोला मोर्चा

**रतलाम।** जावरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम लसूडिया जंगली में अवैध शराब की खुलेआम हो रही बिक्री से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। शराब के इस अवैध कारोबार और शराबियों की हरकतों से तंग आकर ग्रामवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर रतलाम, पुलिस अधीक्षक रतलाम और बड़ावदा थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपकर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार, गांव की तलाई (तालाब) के पास एक गुमटी लगी हुई है। इस गुमटी की आड़ में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब का क्रय-विक्रय धड़ल्ले से किया जा रहा है। गाँव के बीचों-बीच चल रहे इस अवैध कारोबार के कारण गाँव का माहौल पूरी तरह खराब हो चुका है।

### महिलाओं का निकलना हुआ दूभर, बच्चों पर पड़ रहा बुरा असर

ग्रामीणों का कहना है कि शराब पीकर शराबी आए दिन रास्तों पर हंगामा करते हैं। महिलाओं के आने-जाने वाले रास्तों पर शराबी खड़े रहते हैं और उनके साथ गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे महिलाओं और बालिकाओं का अकेले रास्ते से निकलना दूभर हो गया है। इसके अलावा, गांव के छोटे बच्चों पर भी इस दूषित माहौल का विपरीत (बुरा) असर पड़ रहा है, जिससे उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है।

### सरपंच और ग्रामीणों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

शिकायती पत्र पर ग्राम पंचायत लसूडिया जंगली के सरपंच के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान मौजूद हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि गाँव में चल रहे अवैध शराब के क्रय-विक्रय पर तुरंत रोक लगाई जाए। इस अवैध कारोबार को संचालित करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।





# नशेड़ियों का आतंक: संजय कॉम्प्लेक्स में घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़, सहमे बुजुर्ग

**शराब के नशे में धुत साहिल और उसके साथी ने मचाया उत्पात, जान से मारने की धमकी देकर फरार, पुलिस जांच में जुटी**

**जावरा ।** शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संजय कॉम्प्लेक्स में शराब के नशे में धुत युवकों द्वारा गुंडागर्दी और तोड़फोड़ का एक बेहद परेशान करने वाला मामला सामने आया है। नशे में चूर युवकों ने न केवल एक परिवार के साथ मारपीट की और गंदी गालियां दीं, बल्कि घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ भी की।

इस पूरी घटना का सबसे बड़ा सबूत यह है कि यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे आरोपियों की करतूत साफ उजागर हो रही है। वारदात के समय घर में लगे तीसरी आंख (सीसीटीवी) ने आरोपियों के आतंक को रिकॉर्ड कर लिया। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह आरोपी नशे में धुत होकर घर के भीतर दाखिल हुए, सामान की तोड़फोड़ की और वहां मौजूद लोगों को धमकाया। पुलिस अब इस फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश और कानूनी शिकंजे को मजबूत करने में जुट गई है। इस पुख्ता सबूत के बाद आरोपियों का बचना मुश्किल माना जा रहा है।

### गाली-गलौज कर दी जान से मारने की धमकी

फरियादी राजेश जैन (53) पिता समरथमल जैन, निवासी संजय कॉम्प्लेक्स जावरा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राजेश जैन के अनुसार, संजय कॉम्प्लेक्स के पीछे ब्लॉक में रहने वाले आरोपी साहिल पंवार और उसके एक अन्य साथी ने शराब के अत्यधिक नशे में उनके साथ अभद्र और अश्लील गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### घर में तोड़फोड़ से सहमे बुजुर्ग

मारपीट के बाद आरोपी जबरन फरियादी के घर में घुस गए और वहां जमकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। जिस वक्त नशे में धुत युवक घर के सामान को निशाना बना रहे थे, उस समय घर में मौजूद बुजुर्ग सदस्य खौफ के साए में आ गए। पूरे इलाके में इस घटना के बाद से तनाव और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते सजगता दिखाने से कोई बड़ी अनहोनी या संभावित दुर्घटना टल गई।

### इनका कहना

फरियादी राजेश जैन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगे हैं, जिनकी जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक उपनिरीक्षक (सउनि) नंदकिशोर बैरागी को जांच सौंपी गई है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**शहर थाना प्रभारी दीपक मंडलोई**

# ईदगाह रोड पुलिया पर मंडरा रहा हादसे का खतरा, लगातार धंस रही मिट्टी

**चेहल्लुम से पहले सुधार नहीं हुआ तो बढ़ सकती है परेशानी**

**जावरा ।** शहर के ईदगाह रोड स्थित खाल की पुलिया पर इन दिनों हादसे का खतरा साफ दिखाई देने लगा है। बारिश के कारण पुलिया के किनारे की मिट्टी कटकर बह रही है, जिससे नीचे का हिस्सा खोखला हो गया है। मिट्टी धंसने के कारण सुरक्षा दीवार (रेलिंग) का आधार भी क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे पुलिया की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो भारी वाहन या अधिक भार पड़ने की स्थिति में पुलिया का किनारा और धंस सकता है। ऐसे में किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह भी है कि आगामी दिनों में विश्व प्रसिद्ध हुसैन टेकरी का चेहल्लुम प्रारंभ होने वाला है। इस दौरान देश-विदेश से हजारों जायरीन जावरा पहुंचते हैं और ईदगाह रोड पर यातायात का दबाव सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाता है। यदि पुलिया की तत्काल मरम्मत नहीं हुई तो श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दोनों प्रभावित हो सकती हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका और संबंधित विभाग से मांग की है कि पुलिया की तकनीकी जांच



कराकर तत्काल मरम्मत कराई जाए, मिट्टी का भराव एवं सुरक्षा कार्य किए जाएं तथा आवश्यकता पड़ने पर चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाई जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को समय रहते टाला जा सके।

**ग्राम पंचायत मोरिया में करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप**

# कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

**रतलाम।** जनपद पंचायत जावरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोरिया में 5वें वित्त की राशि में भारी गबन और भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय राशि का दुरुपयोग कर उसे सरपंच के भाई और पुत्र के निजी खातों में ट्रांसफर कर दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर को एक शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और ठोस कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में प्रार्थी महेश शर्मा एवं समस्त ग्रामवासी मोरिया व रणायरागुर्जर ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, सहायक सचिव, उपयंत्री (सब-इंजीनियर) और सहायक यंत्री ने आपस में मिलीभगत कर करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। इस वित्तीय अनियमितता के कारण स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

### सालभर से नहीं हुई कोई सुनवाई

ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले एक साल से इस भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस जांच या दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के हौसले बुलंद हैं।

### मांग पूरी न होने पर आमरण अनशन का ऐलान

प्रशासन की इस उदासीनता से तंग आकर ग्रामीणों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। शिकायती पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे मजबूर होकर ग्राम पंचायत मोरिया में आमरण अनशन (भूख हड़ताल) पर बैठेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती और जांच पूरी नहीं होती, तब तक चाहे उनके प्राण ही क्यों न चले जाएं, उनका अनशन जारी रहेगा।

# दस्तक अभियान का शुभारंभ : इंदिरा नगर आंगनवाड़ी में बच्चों को पिलाई विटामिन ए की खुराक



**जावरा ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा के मार्गदर्शन एवं सीबीएमओ डॉ. शंकरलाल खराड़ी के निर्देशन में मंगलवार को जावरा ब्लॉक में डायरिया सह दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया।

अभियान की शुरुआत इंदिरा नगर आंगनवाड़ी केंद्र पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर की। इस दौरान बच्चों के परिजनों को दो-दो पैकेट ओआरएस तथा जिंक टैबलेट भी वितरित की गई। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि यह अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत शहरी क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों एवं प्रत्येक गांव में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ), एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों का घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। सीबीएमओ डॉ. शंकरलाल खराड़ी, बीईई बसंतीलाल मईडा एवं बीपीएम रघुनंदन पाटीदार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल्यकाल मृत्यु दर में कमी लाना है। शुभारंभ अवसर पर दिनेश उपाध्याय,धीरज जाटव,ज्ञानेश पाटीदार, नाहरी, आशा कार्यकर्ता,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जनसेवा और सामाजिक सरोकार को समर्पित रहा सांसद अनिल फिरोजिया का जन्मोत्सव

**बड़ावदा नगर परिषद अध्यक्ष कल्पना कुमावत के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत**

**बड़ावदा ।** सांसद अनिल फिरोजिया का जन्मोत्सव इस वर्ष भी जनसेवा, सामाजिक सरोकार और लोकमंगल की पावन भावना के साथ मंगलवार को उज्जैन में अत्यंत गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। सांसद फिरोजिया हमेशा से ही अपने जन्मदिन को तड़क-भड़क के बजाय सेवा और समर्पण के कार्यों से जोड़ते आए हैं।



इसी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी उन्होंने दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और जरूरतमंदों की सहायता को सर्वोपरि प्राथमिकता दी। जन्मोत्सव के अवसर पर प्रातः 11 बजे उज्जैन के होटल सॉलिटेयर में एक भव्य सेवा-समर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद अनिल फिरोजिया के हाथों 90 दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 30 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए गए। जिसमें मोटराइज्ड ट्राइसिकल और सामान्य ट्राइसिकल,श्रवण यंत्र (कान की मशीन),वॉकिंग स्टिक (चलने की छड़ी), सिलिकॉन फोम कुशन, स्टूल चेयर विद कमोड आदी शमिल है। यह मानवीय प्रयास दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके जीवन को अधिक सहज, सुगम और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक बेहद सराहनीय कदम साबित हुआ है।

### संतों का मिला आशीर्वाद, समारोह में उमड़ा सैलाब

इस विशेष अवसर पर उज्जैन के पूज्य संत-महात्माओं ने कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और सांसद अनिल फिरोजिया को दीर्घायु व यशस्वी होने का आशीर्वाद प्रदान किया। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक विशाल जन्मोत्सव मिलन समारोह एवं स्वरुचि भोज का आयोजन हुआ। इस समारोह में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध जन और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने सांसद श्री फिरोजिया का आत्मीय अभिनंदन किया और बाबा महाकाल से उनके उत्तम स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की।

### बड़ावदा से पहुंचे समर्थकों ने भेंट की महाकाल की तस्वीर

अपने प्रिय क्षेत्रीय सांसद को जन्मदिवस की बधाई देने के लिए बड़ावदा नगर एवं मंडल से भी कार्यकर्ताओं, सरपंचों और जनप्रतिनिधियों का एक विशाल हुजूम उज्जैन पहुंचा।

नगर परिषद अध्यक्ष कल्पना कुमावत एवं सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र कुमावत के गरिमामय नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने सांसद अनिल फिरोजिया का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान टीम बड़ावदा द्वारा सांसद को स्मृति चिन्ह के रूप में बाबा महाकाल की एक विशाल एवं भव्य तस्वीर भेंट की गई। इस अवसर पर बड़ावदा क्षेत्र से मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा, जनपद सदस्य प्रिया कुंवर सहित क्षेत्र के अनेक सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में निष्ठावान कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने सांसद महोदय को बधाई देकर उज्जैन-आलोट क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया।